# यूपी में निवेश करने को इच्छुक सिंगापुर

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में सिंगापुर की कंपनियां निवेश करने की इच्छुक हैं। जेवर एयरपोर्ट वहां के निवेशकों की पहली पसंद बना है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) दीपक कुमार से भारत में सिंगापुर के हाई कमिश्नर साइमन वोंग ने शुक्रवार को मुलाकात के दौरान यह जानकारी दी।

वोंग ने कहा कि सिंगापुर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर उत्साहित है। उन्होंने कहा कि सिंगापुर की कंपनियां यहां डेटा सेंटर, एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहाल (एमआरओ), ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, फूड प्रोसेसिंग और जेवर क्षेत्र के पास लिथियम-आयन बैटरी निर्माण इकाइयों जैसी परियोजनाएं स्थापित करने में रुचि दिखा रही हैं। दीपक कुमार ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



सिंगापुर के हाई कमिश्नर यूपी के आईआईडीसी से मिले।

- सिंगापुर के हाई कमिश्नर लखनऊ पहुंचे
- डाटा सेंटर और विमानों के मेंटीनेंस में रुचि दिखाई

**एलजी निवेश करेगी:** एलजी नोएडा में ग्लोबल कैपिबिलिटी सेंटर क्षेत्र में 1,000 करोड़ रुपये निवेश कर 500 से अधिक लोगों को रोजगार देगी।